गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया

GAIL BHAWAN
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI 110066, INDIA

फोन/PHONE : +91 11 2618 2955
फैक्स/FAX : +91 11 2618 2955
info@gail.co.in

नदि/गेल/सेक्ट./2019 11.05.2020

1. लिस्टिन्ग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल.
प्लॉट सं.सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्राकुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुम्बई-4000051

2. लिस्टिन्ग विभाग,
बीएसई लिमिटेड
फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुम्बई-400001

**विषय: निगमित नियंत्रण पर त्रैमासिक/वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट – सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 का विनियम 27(क) (2)**

प्रिय महोदय,

कृपया 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही/वित्त वर्ष के लिए निर्धारित प्रारूप में संलग्न निगमित नियंत्रण की तिमाही अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त करें।

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है ।

उपर्युक्त आपकी सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु है ।

***नोट:*** *कोविड 19 के प्रकोप के मध्य घर से कार्यरत रहना गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित बड़े पैमाने पर सूचीबद्ध संस्थाओं के बीच एक उत्तम विकल्प रहा है। अत: हम दिनांक* ***24.03.2020*** *को सूचीबद्ध कंपनियों को ई-मेल के माध्यम से संचारित* ***'एनईएपीएस पोर्टल पर प्रस्तत करने हेतु दिशानिर्देशों'*** *के अंतर्गत आवश्यकतानुसार एसडी मोड के तहत उक्त प्रकटीकरण प्रस्तुत कर रहे हैं।*

धन्यवाद,
भवदीय,

हस्ता/-
(ए.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्त के अनुसार

प्रति:

1. ड्यूश बैंक एजी, फिलिआले मुम्बई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुम्बई-400051

# निगमित नियंत्रण रिपोर्ट

1. कंपनी का नाम : गेल (इंडिया) लिमिटेड
2. समाप्त तिमाही : 31.03.2020

| I. निदेशक मण्डल की संरचना | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उपनाम (श्री/ सुश्री) | निदेशक का नाम | पीएएन एवं डीआईएन | श्रेणी (अध्यक्ष/ कार्यपालक / गैर- कार्यपालक/ स्वतंत्र / नामिती) | नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि | पुन: नियुक्ति की तिथि | समापन की तिथि | कार्य-काल (वर्षों में) | जन्मतिथि | इस सूचीबद्ध कंपनी सहित सूचीबद्ध कंपनियों में निदेशक पद की संख्या *(विनियमन 17क(1) के संदर्भ में)* | इस सूचीबद्ध कंपनी सहित सूचीबद्ध कंपनियों में स्वतंत्र निदेशक पद की संख्या *(विनियमन 17क(1) के नियम के संदर्भ में)* | इस सूचीबद्ध कंपनी सहित लेखापरीक्षा/ स्टेकहोल्डर समिति(यों) में सदस्यता की संख्या *(लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 26(1) का संदर्भ लें)* *एसी– लेखापरीक्षा समिति* *एसआरसी- स्टेकहोल्डर रिलेशनशिप समिति* | इस सूचीबद्ध कंपनी सहित सूचीबद्ध कंपनियों में लेखापरीक्षा/ स्टेकहोल्डर समिति अध्यक्ष के पदों की संख्या *(लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 26(1) का संदर्भ लें)* |
| श्री | मनोज जैन[1] | AAPPJ6121Q एवं 07556033 | अध्यक्ष- कार्यपालक निदेशक | 05.06.18 | --- | --- | --- | 19.8.62 | 1 | 0 | एसी - 0<br>एसआरसी-1 | एसी - 0<br>एसआरसी-0 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डॉ. | आशुतोष कर्नाटक[1] | AHGPK1919B एवं 03267102 | कार्यपालक निदेशक | 01.03.14 | --- | --- | --- | 07.06.60 | 3 | 0 | एसी - 0<br>एसआरसी-1 | एसी - 0<br>एसआरसी-0 |
| श्री | पी.के. गुप्ता | AAJPG5758J एवं 01237706 | कार्यपालक निदेशक | 01.02.17 | --- | --- | --- | 14.03.61 | 1 | 0 | एसी - 0<br>एसआरसी-0 | एसी - 0<br>एसआरसी-0 |
| श्री | गजेन्द्र सिंह | AUFPS1125D एवं 03290248 | कार्यपालक निदेशक | 05.04.17 | --- | --- | --- | 15.06.60 | 2 | 0 | एसी - 2<br>एसआरसी-0 | एसी - 0<br>एसआरसी-0 |
| श्री | ए.के. तिवारी | ACAPT2160N एवं 07654612 | कार्यपालक निदेशक | 01.12.18 | --- | --- | --- | 02.11.61 | 1 | 0 | एसी - 1<br>एसआरसी-0 | एसी - 0<br>एसआरसी-0 |
| श्री | आशीष चटर्जी | ADMPC7739H एवं 07688473 | गैर-कार्यपालक निदेशक – नामिती निदेशक | 23.12.16 | 19.12.19 | --- | --- | 21.02.73 | 2 | 0 | एसी - 0<br>एसआरसी-0 | एसी - 0<br>एसआरसी-0 |
| सुश्री | ईशा श्रीवास्तव | AZJPS9848L एवं 08504560 | गैर-कार्यपालक निदेशक – नामिती निदेशक | 24.03.20 | --- | --- | --- | 09.06.80 | 1 | 0 | एसी - 1<br>एसआरसी-0 | एसी - 0<br>एसआरसी-0 |
| श्री | राजीव बंसल[2] | AANPB1019R एवं 00245460 | गैर-कार्यपालक निदेशक – नामिती निदेशक | *08.01.20* | --- | 17.02.20 | --- | 02.08.63 | --- | --- | --- | --- |
| श्री | दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव[3] | AAYPS2752H एवं 07418753 | गैर-कार्यपालक निदेशक– स्वतंत्र निदेशक | 31.01.17 | --- | 30.01.20 | 3 | 07.04.55 | --- | --- | --- | --- |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डॉ. | अनूप के पुजारी[3] | AHTPP6079N एवं 02556335 | गैर-कार्यपालक निदेशक– स्वतंत्र निदेशक | 31.01.17 | --- | 30.01.20 | 3 | 01.02.56 | --- | --- | --- | --- |
| श्री | जयंत नारायण चौधरी | AAAPC1334M एवं 07940286 | गैर-कार्यपालक निदेशक– स्वतंत्र निदेशक | 15.09.17 | --- | --- | 3 | 05.05.55 | 1 | 1 | एसी - 1 एसआरसी-0 | एसी - 1 एसआरसी-0 |
| डॉ. | राहुल मुखर्जी | AEQPM0293R एवं 07940278 | गैर-कार्यपालक निदेशक– स्वतंत्र निदेशक | 15.09.17 | --- | --- | 3 | 09.02.56 | 1 | 1 | एसी - 1 एसआरसी-1 | एसी - 0 एसआरसी-1 |
| सुश्री | बंतो देवी कटारिया | AJYPK7553P एवं 08194036 | गैर-कार्यपालक निदेशक– स्वतंत्र निदेशक | 06.08.18 | --- | --- | 3 | 05.05.64 | 1 | 1 | एसी - 1 एसआरसी-0 | एसी - 0 एसआरसी-0 |

**क्या नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति की गई :** जी हाँ

**क्या अध्यक्ष महोदय प्रबंध निदेशक या सीईओ से संबंधित है या नहीं:** लागू नहीं *(भारत सरकार ने एक ही व्यक्ति को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया है)*

***नोट:1*** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के पत्र सं.सी-31022/1/2019-पीएनजी (28472) दिनांक 14.02.2020 तथा कार्यग्रहण पत्र दिनांक 14.02.2020 के परिणामस्वरूप श्री मनोज जैन, निदेशक (व्यापार विकास), गेल (इंडिया) लिमिटेड (इंडिया) लिमिटेड ने डॉ. आशुतोष कर्नाटक, निदेशक (परियोजना), जो अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सी एंड एमडी) का अतिरिक्त प्रभार सम्भाल रहे थे, उनके स्थान पर दिनांक 14.02.2020 (अपराह्न) की प्रभावी तारीख से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसकी सूचना कंपनी के पत्र सं.एनडी/गेल (इंडिया) लिमिटेड/सेक्ट/2020 दिनांक 14.02.2020 के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज (जों) को भेज दी गई थी।

साथ ही, एमओपी एंड एनजी ने पत्र सं.सीए-31022/1/2020-पीएनजी (33351) दिनांक 16.03.2020, कंपनी द्वारा दिनांक 17.03.2020 को प्राप्त, ने श्री मनोज जैन, सीएंडएमडी को दिनांक 15.02.2020 से 14.05.2020 तक की तीन माह की अवधि अथवा अन्य आदेश तक निदेशक (व्यापार विकास) का अतिरिक्त कार्यप्रभार सौंपा है। इसकी सूचना कंपनी के पत्र सं.एनडी/गेल (इंडिया) लिमिटेड/सेक्ट/2020 दिनांक 18.03.2020 के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज (जों) को भेज दी गई थी।

इसके अलावा, एमओपी एंड एनजी ने पत्र सं.सीए-31022/1/2020-पीएनजी (33351) दिनांक 30.04.2020 ने श्री मनोज जैन, सीएंडएमडी को सौंपे गए निदेशक (व्यापार विकास) के अतिरिक्त प्रभार के दिनांक 15.02.2020 से 14.11.2020 तक की 6 माह की अतिरिक्त अवधि अथवा अन्य आदेश तक, जो पहले हो, के विस्तार के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

***नोट:2*** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र सं.सी-31033/1/2016-सीए/एफटीएस: 42979 दिनांक 08.01.2020 द्वारा श्री राजीव बंसल, अपर सचिव, एमओपी एंड जी को कंपनी के निदेशक मंडल में अंशकालिक निदेशक सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नामित किया है। इसके अतिरिक्त गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल ने दिनांक 08.01.2020 की प्रभावी तारीख से सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में श्री राजीव बंसल की नियुक्ति का अनुमोदन कर दिया था। इसकी सूचना कंपनी के पत्र सं.एनडी/गेल (इंडिया) लिमिटेड/सेक्ट/2020 दिनांक 09.01.2020 के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज (जों) को भेज दी गई थी।

इसके अलावा, एमओपी एंड एनजी ने कार्यालय आदेश सं. 2020 का 23 दिनांक 17.02.2020 के परिणामस्वरूप श्री राजीव बंसल, सरकार द्वारा नामित निदेशक का दिनांक 17.02.2020 की प्रभावी तारीख अपराह्न से कंपनी के निदेशक नहीं हैं। इसकी सूचना कंपनी के पत्र सं.एनडी/गेल (इंडिया) लिमिटेड/सेक्ट/2020 दिनांक 19.02.2020 के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज (जों) को भेज दी गई थी।

***नोट:3*** श्री दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव एवं डॉ. अनूप के पुजारी, स्वतंत्र निदेशकों की कार्यावधि दिनांक 30.01.2020 को समाप्त होने के परिणामस्वरूप दिनांक 31.01.2020 की प्रभावी तारीख से वे कंपनी के निदेशकमंडल में निदेशक नहीं हैं। इसकी सूचना कंपनी के पत्र सं.एनडी/गेल (इंडिया) लिमिटेड/सेक्ट/2020 दिनांक 31.01.2020 के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज (जों) को भेज दी गई थी।

**II. समिति की संरचना**

| समिति का नाम | नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति की गई | समिति सदस्य का नाम | श्रेणी (अध्यक्ष/कार्यपालक/गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र/नामिती) | नियुक्ति की तारीख | समापन की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| लेखापरीक्षा समिति | जी हाँ | श्री जयंत नारायण चौधरी | अध्यक्ष/गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 20.11.2019 | --- |
| | | श्री गजेन्द्र सिंह | कार्यपालक निदेशक | 23.05.2017 | --- |
| | | श्री दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव | गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 20.11.2019 | 30.01.2020 |
| | | डॉ. राहुल मुखर्जी | गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 20.11.2019 | --- |
| | | श्रीमती बंतो देवी कटारिया | गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 03.02.2020 | --- |
| नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति | जी हाँ | डॉ. राहुल मुखर्जी | अध्यक्ष/गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 12.01.2018 | --- |
| | | श्री दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव | गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 23.05.2017 | 30.01.2020 |
| | | श्री जयंत नारायण चौधरी | गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 12.01.2018 | --- |
| | | श्रीमती बंतो देवी कटारिया | गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 03.02.2020 | --- |
| जोखिम प्रबंधन समिति | जी हाँ | श्री गजेन्द्र सिंह | अध्यक्ष/कार्यपालक निदेशक | 05.04.2017 | --- |
| | | डॉ. आशुतोष कर्नाटक | कार्यपालक निदेशक | 31.10.2014 | --- |
| | | श्री पी के गुप्ता | कार्यपालक निदेशक | 01.02.2017 | --- |
| | | श्री मनोज जैन | कार्यपालक निदेशक | 05.06.2018 | 14.02.2020 |
| | | श्री ए के तिवारी | कार्यपालक निदेशक | 01.12.2018 | --- |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | श्री राजीव माथुर | मुख्य जोखिम अधिकारी (वरिष्ठ कार्यपालक[4]) | 19.07.2018 | --- |
| | | श्री शशि मेनन | ट्रेजरी प्रमुख (वरिष्ठ कार्यपालक[4]) | 02.05.2018 | --- |
| **स्टेकधारक रिलेशनशिप समिति** | जी हाँ | श्री दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव | अध्यक्ष/गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 23.05.2017 | 30.01.2020 |
| | | डॉ. आशुतोष कर्नाटक | कार्यपालक निदेशक | 03.05.2015 | --- |
| | | श्री पी के गुप्ता | कार्यपालक निदेशक | 01.02.2017 | 03.02.2020 |
| | | डॉ. राहुल मुखर्जी | अध्यक्ष/गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 03.02.2020 | --- |
| | | डॉ. अनूप के पुजारी | गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 20.11.2019 | 30.01.2020 |
| | | श्रीमती बंतो देवी कटारिया | गैर-कार्यपालक/स्वतंत्र निदेशक | 03.02.2020 | --- |

***नोट: 4*** *वरिष्ठ कार्यपालक में जोखिम प्रबंधन समिति के वे सदस्य शामिल हैं जो कंपनी के बोर्ड के सदस्य नहीं हैं।*

***नोट: 5*** *डॉ. राहुल मुखर्जी को दिनांक 03.02.2020 की प्रभावी तारीख से स्टेकहोल्डर रिलेशनशिप समिति के अध्यक्ष के रूप में पुन: नियुक्त किया गया है।*

## III. निदेशक मंडल की बैठक

| पिछली तिमाही में बैठक की तारीख (यदि कोई है) | संबंधित तिमाही में बैठक की तारीख (यदि कोई है) | कॉरम संबंधी आवश्यकता पूर्ण की गई (हाँ/नहीं) | उपस्थित निदेशकों की संख्या | उपस्थित स्वतंत्र निदेशकों की संख्या | दिनों की संख्या में लगातार दो बैठकों के मध्य अधिकतम अंतर |
|---|---|---|---|---|---|
| 08.11.2019 | 16.01.2020 | जी हाँ | 10 | 4 | 36 |
| 13.11.2019 | 10.02.2020 | जी हाँ | 9 | 3 | |
| 20.12.2019 | 03.03.2020 | जी हाँ | 8 | 2 | |

## IV. समितियों की बैठक

| पिछली तिमाही में बैठक की तारीख (यदि कोई है) | संबंधित तिमाही में बैठक की तारीख (यदि कोई है) | कॉरम संबंधी आवश्यकता पूर्ण की गई (हाँ/नहीं) | उपस्थित निदेशकों की संख्या | उपस्थित स्वतंत्र निदेशकों की संख्या | दिनों की संख्या में लगातार दो बैठकों के मध्य अधिकतम अंतर |
|---|---|---|---|---|---|
| **लेखा परीक्षा समिति** | | | | | |
| 16.01.2020 | जी हाँ | 4 | 2 | 30.10.2019 | 41 |
| 10.02.2020 | जी हाँ | 4 | 3 | 08.11.2019 | |
| 03.03.2020 | जी हाँ | 3 | 2 | 05.12.2019 | |
| **स्टेकधारक रिलेशनशिप समिति** | | | | | |
| 23.03.2020 | जी हाँ | 2 | 2 | --- | --- |

| नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | | | |
| **जोखिम प्रबंधन समिति** | | | | | |
| 19.03.2020 | जी हाँ | --- | --- | --- | --- |

***नोट: 6*** *कोविड-19 के प्रकोप और इसके निवारक रोकथाम उपायों के मद्देनज़र; जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा जोखिम प्रबंधन नीति की समीक्षा हेतु एजेंडा "सर्कुलेशन द्वार" दिनांक 19.03.2020 को प्रस्तुत किया गया ।*

## V. संबंधित पार्टी लेनदेन

| विषय | अनुपालन स्थिति (हाँ/नहीं/लागू नहीं) |
|---|---|
| क्या लेखा परीक्षा समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया गया | जी हाँ[7] |
| क्या प्रमुख आरपीटी हेतु शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त किया गया | जी हाँ[8] |
| क्या बहुप्रयोजन अनुमोदन के अनुसरण में प्रविष्ट किए गए आरपीटी विवरण की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है | जी हाँ[9] |

***नोट: 7*** *लेखापरीक्षा समिति से संबंधित पार्टी लेनदेन का बहुप्रयोजन अनुमोदन दिनांक 09.04.202 को सर्कुलेशन के माध्यम से लिया गया और दिनांक 20.04.2020 को आयोजित लेखापरीक्षा समिति की 199 वीं बैठक में इसकी पुष्टि की गई है । .*

***नोट: 8*** *लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार वित्त वर्ष 2018-19 हेतु कंपनी का समेकित कारोबार रु.75,912 करोड़ है और वित्त वर्ष 2019-20 के लिए पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के साथ अपेक्षित लेन-देन का मूल्य लगभग रु.20,254 करोड़ होगा, जो कि वित्त वर्ष 2018-19 के लिए कंपनी के समेकित कारोबार से 10% अधिक है । अत: निदेशक मंडल और शेयरधारकों का दिनांक 12.06.2019 को आयोजित 403वीं बैठक और दिनांक 20.08.2019 को आयोजित 35वीं वार्षिक आम सभा में अनुमोदन ले लिया गया ।*

***नोट: 9*** *दिनांक 03.03.2020 को आयोजित 198वीं लेखा परीक्षा समिति की बैठक में बहुप्रयोजन अनुमोदन हेतु प्रविष्ट आरपीटी के विवरणों की समीक्षा की गई है।*

## VI. अभिपुष्टि

1. दिनांक 31.03.2020 के अनुसार गेल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित 5 पूर्ण-कालिक निदेशक, दो सरकार द्वारा नामित निदेशक और तीन स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। कंपनी के निदेशक मंडल में दो महिला निदेशक हैं। गेल एक सरकारी कंपनी है, जिसका प्रशासनिक नियंत्रण भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत है; सभी निदेशक भारत सरकार द्वारा नामित/नियुक्त किए जाते हैं।

2. निम्न समितियों का गठन सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुसार है :

- लेखापरीक्षा समिति
- नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति
- स्टेकधारक रिलेशनशिप समिति
- जोखिम प्रबंधन समिति

3. समिति के सदस्यों को सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 में निर्दिष्ट उनकी शक्तियों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया है।

4. निदेशक मंडल और उपर्युक्त समितियों की बैठक, सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 में विनिर्दिष्ट तरीके से आयोजित की गई हैं।

5. दिनांक 31.12.2019 को समाप्त तिमाही हेतु निगमित नियंत्रण पर अनुपालन रिपोर्ट निदेशक मंडल की दिनांक 10.02.2020 को आयोजित 411वीं बैठक में प्रस्तुत की गई थी।

6. विनियमन 17(1क) के अनुसार:
   - क्या विशिष्ट प्रस्ताव पारित किया गया है? (गैर-कार्यपालक निदेशक जिनकी आयु 75 वर्ष हो गई है) – लागू नहीं
   - विशिष्ट प्रस्ताव पारित करने की तारीख। (यदि हां, प्रस्ताव पारित करने की तारीख) – लागू नहीं

**हस्ता./-**

**(ए.के. झा)**
**कंपनी सचिव**

# गेल (इंडिया) लिमिटेड

## वित्त वर्ष 2019-20 हेतु निगमित नियंत्रण रिपोर्ट

**I. लिस्टिंग विनियमों के नियमानुसार वेबसाइट पर प्रकटन**

| मद | अनुपालन स्थिति (हाँ/नहीं/लागू नहीं) |
|---|---|
| व्यापार का विवरण | हाँ |
| स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के निबंधन एवं शर्तें | हाँ |
| निदेशक मंडल की विभिन्न समितियों का गठन | हाँ |
| निदेशक मंडल एवं वरिष्ठ प्रबंधनकर्मी की आचार संहिता | हाँ |
| सतर्कता क्रिया विधिपना का विवरणअर पॉलिसी की स्थाविस्हिल ब्लो/ | हाँ |
| गैर-कार्यकारी निदेशकों को भुगतान करने के मापदंड | हाँ |
| संबंधित पार्टी लेनदेन से निपटने पर नीति | हाँ |
| 'प्रमुख' सहायक कंपनियों को निर्धारित करने के लिए नीति | हाँ |
| स्वतंत्र निदेशकों को प्रदान किए जाने वाले परिचयकरण कार्यक्रमों का विवरण | हाँ |
| सूचीबद्ध संस्था के पदनामित अधिकारियों का संपर्क विवरण, जो निवेशकर्ता की शिकायतों के सहयोग और समाधान के लिए उत्तरदायी हैं | हाँ |
| शिकायत निवारण और अन्य प्रासंगिक विवरणों के लिए ई मेल पता | हाँ |
| वित्तीय परिणाम | हाँ |
| शेयरहोल्डिंग पैटर्न | हाँ |
| मीडिया कंपनियों और या उनके सहयोगियों के साथ किए गए समझौतों का विवरण / | हाँ |
| सूचीबद्ध ईकाई का नया नाम एवं पुराना नाम | लागू नहीं |

**II. वार्षिक पुष्टिकरण**

| विवरण | विनियमन सं. | अनुपालन स्थिति (हाँ/नहीं/लागू नहीं) |
|---|---|---|
| स्वतंत्र निदेशकों को 'स्वतंत्रता' और या/'पात्रता' के विशिष्ट मानदंडों के अनुसार नियुक्त किया गया है | 16(1)(ख) & 25(6) | हाँ |
| निदेशक मंडल का गठन | 17(1) | *नहीं । कृपया नोट देखें । 1* |
| निदेशक मंडल की बैठक | 17(2) | हाँ |
| अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा | 17(3) | हाँ |
| नियुक्तियों के लिए व्यवस्थित पद की योजना | 17(4) | हाँ |

| | | |
|---|---|---|
| आचार संहिता | 17(5) | हाँ |
| शुल्क क्षतिपूर्ति/ | 17(6) | हाँ |
| न्यूनतम  जानकारी | 17(7) | हाँ |
| अनुपालन प्रमाणपत्र | 17(8) | हाँ |
| जोखिम आंकलन एवं प्रबंधन | 17(9) | हाँ |
| स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन | 17(10) | *नहीं। कृपया नोट 2 देखें।* |
| लेखापरीक्षा समिति का गठन | 18(1) | हाँ |
| लेखापरीक्षा समिति की बैठक | 18(2) | हाँ |
| नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन | 19(1) & (2) | हाँ |
| स्टेकहोल्डर रिलेशनशिप समिति का गठन | 20(1) & (2) | हाँ |
| जोखिम प्रबंधन समिति का गठन एवं भूमिका | 21(1),(2),(3),(4) | हाँ |
| सतर्कता क्रिया विधि | 22 | हाँ |
| संबंधित पार्टी लेनदेन हेतु नीति | 23(1),(5),(6),(7) & (8) | हाँ |
| सभी संबंधित पार्टी लेनदेन हेतु लेखापरीक्षा समिति का पूर्व अथवा बहुप्रयोजन अनुमोदन | 23(2),(3) | हाँ |
| प्रमुख संबंधित पार्टी संव्यवहार के लिए अनुमोदन | 23(4) | *हाँ। कृपया नोट 3 देखें।* |
| असूचीबद्ध सामग्री सहायक कंपनियों के निदेशक मंडल की रचना | 24(1) | लागू नहीं |
| सूचीबद्ध कंपनी की सहायक कंपनी के संबंध में अन्य कॉर्पोरेट प्रशासन आवश्यकताएं | 24(2),(3),(4),(5) एवं (6) | हाँ |
| अधिकतम निदेशक पद एवं कार्यकाल | 25(1) & (2) | हाँ |
| स्वतंत्र निदेशकों की बैठक | 25(3) & (4) | हाँ |
| स्वतंत्र निदेशकों को परिचित कराना | 25(7) | हाँ |
| समिति में सदस्यता | 26(1) | हाँ |
| निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों से आचार संहिता के अनुपालन के साथ प्रतिज्ञान | 26(3) | हाँ |
| गैर कार्यकारी निदेशकों द्वारा शेयरधारिता का प्रकटीकरण | 26(4) | हाँ |
| निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन के दायित्वों के संबंध में नीति | 26(2) & 26(5) | हाँ |

**Note(s):**

1. *दिनांक 31.03.2020 को गेल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित पाँच पूर्णकालिक निदेशक, दो सरकार द्वारा नामित निदेशक और तीन स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। कंपनी के निदेशक मंडल में दो महिला निदेशक हैं। गेल एक सरकारी कंपनी है, जिसका प्रशासनिक नियंत्रण भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत है; सभी निदेशक भारत सरकार द्वारा नामित/नियुक्त किए जाते हैं।*

2. *गेल के एक सरकारी कंपनी होने के कारण, नियुक्ति प्राधिकारी होने के नाते भारत सरकार द्वारा निष्पादन मूल्यांकन किया जाना है। इसके अतिरिक्त, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना दिनांक 05 जून, 2015 के अनुसार, सरकारी कंपनियों को बोर्ड और इसकी समितियों के निष्पादन मूल्यांकन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (पी) के प्रावधानों के अनुपालन में छूट दी गई है।*

*तदनुसार, कंपनी ने सेबी से कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निष्पादन मूल्यांकन के संबंध में प्राप्त छूट के अनुसार सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 से छूट प्रदान करने हेतु अनुरोध किया है। इसके अलावा, एक मसौदा नीति तैयार की गई है, जिस पर नियामक निकाय से इस संबंध में विशिष्ट निर्देशों की प्राप्ति पर बोर्ड की मंजूरी के लिए विचार किया जाएगा।*

3. *पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल) संयुक्त उद्यम होने के नाते गेल की संबंधित पार्टियों में से एक है।*

*लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार वित्त वर्ष 2018-19 हेतु कंपनी का समेकित कारोबार रु.75,912 करोड़ है और वित्त वर्ष 2019-20 के लिए पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के साथ अपेक्षित लेन-देन का मूल्य लगभग रु.20,254 करोड़ होगा, जो कि वित्त वर्ष 2018-19 के लिए कंपनी के समेकित कारोबार से 10% अधिक है।*

*अत: निदेशक मंडल और शेयरधारकों का दिनांक 12.06.2019 को आयोजित 403वीं बैठक और दिनांक 20.08.2019 को आयोजित 35वीं वार्षिक आम सभा में अनुमोदन ले लिया गया।*

**III. पुष्टिकरण**

सूचीबद्ध इकाई ने प्रमुख सहायक नीति को मंजूरी दी है और जहां भी आवश्यक हो, सूचीबद्ध संस्था की सहायक कंपनी के संबंध में कॉरपोरेट गवर्नेंस की आवश्यकताओं का अनुरोध किया गया है।

**हस्ता./-**
**(ए.के. झा)**
**कंपनी सचिव**